मतदाता दिवस पर समारोह आज, प्रदर्शनी शुरू

कोटा, (निसं)। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सूचना केन्द्र सभागार में मतदाता जागरूकता फोटो प्रदर्शनी आरम्भ हुई जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर ओपी बुनकर ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नव-मतदाताओं का इस प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी व प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कलक्टर ने प्रदर्शनी स्थल पर बनाई गई मतदाता जागरूकता विषयक रंगोलियों का भी बारीकी से अवलोकन किया और इनकी प्रशंसा की।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, तहसीलदार राहुल कुमार एवं निर्वाचन शाखा के कार्मिक मौजूद रहे। प्रदर्शनी में लोकतंत्र में मतदान के महत्व, मतदान प्रक्रिया की विकास यात्रा एवं मतदाताओं की जागरूकता के लिए उपयोगी जानकारियां चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित की गई है, प्रदर्शनी 25 जनवरी तक चलेगी।

बुधवार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार सिंह ने बताया कि मतदाता दिवस जिला स्तरीय मुख्य समारोह दोपहर 1 बजे सूचना केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 18-19 वर्ष आयु के नए पंजीकृत मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं व नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी तथा नए पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए पंजीकृत मतदाताओं को "मतदाता होने पर गर्व है मतदान के लिए तैयार है" पर आधारित बैज भी वितरित किए जाएंगे।

कोटा जिला कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ किया है।

गणतंत्र दिवस पर विविध कार्यक्रम होंगे

कोटा, (निसं)। गणतंत्र दिवस समारोह गुरूवार 26 जनवरी को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। समारोह में प्रातः 9:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

इसके बाद परेड निरीक्षण एवं मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी। राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन एडीएम प्रशासन द्वारा किया जाएगा। इससे पूर्व प्रातः 9:05 बजे शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण किया जाएगा। समारोह में सामूहिक व्यायाम एवं समूह गान, सामूहिक नृत्य, झांकी प्रदर्शन, स्वतंत्रता सैनानियों एवं युद्ध सैनिक वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह के उपरान्त दोपहर 1 बजे जिला प्रशासन एवं नगर निगम के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच खेला जाएगा। जिला कलक्टर ने सभी कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

- ये बिल चुनावी वर्ष में जनता को लुभाने का तरीका मात्र है : डॉ. अमित व्यास

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोटा शहर द्वारा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिला संयोजक डॉ. अमित व्यास ने बताया कि प्रस्तावित बिल सरकार द्वारा बिना तैयारी के आनन-फानन में लाया जा रहा है जो सिर्फ आम जनता के लिए छलावा साबित होगा।

यह सिर्फ सरकार की विफलताओं को छुपाने का साधन मात्र है और चुनावी वर्ष में जनता को लुभाने का तरीका मात्र है।

इसके प्रावधानों से छोटे और मझले प्राइवेट अस्पताल बंद हो जाएंगे और मरीजों को उपचार के लिए महंगे बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ेगा।

चिकित्सा मंत्री बिना तैयारी किए ब्यूरोक्रेसी के दबाब में आनन फानन में बिल लाए हैं और इसे पास करवाने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है जिसकी चिकित्सा प्रकोष्ठ कड़े शब्दों में घोर निंदा करता शामिल नहीं किया गया जो कि सरकार की दमनकारी मंशा को साफ दशार्ता है। सह संयोजक भजन भागवानी ने बताया कि बिल में अगर उचित संशोधन नहीं किए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ इस बिल के खिलाफ बीभिन्न चिकित्सक संगठनों के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का पूर्ण समर्थन करता है। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. रक्षा शर्मा, डॉ डी.के. शर्मा, गौरव जैन, अनिल शर्मा (मंडल अध्यक्ष भाजपा), गिरीश भार्गव, सी पी गौतम, गोपाल शारदा, डॉ. वीरेश बेरीवाल सहित अन्य भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सार-समाचार

नवल जयंती 28 को

कोटा, (निसं)। महर्षि नवल जयंती इस बार धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भवाधस) युवा शाखा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास नरवार ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया आगामी 28 जनवरी को वाल्मिकी समाज के विश्व विख्यात धर्म गुरु महर्षि नवल स्वामी के 240वें जन्म दिवस पर कोटा में पहली बार विशाल वाल्मीकि गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन यूआईटी ऑडिटोरियम में सुबह 10.30 बजे आयोजित होने जा रहा है, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संत उज्जैन पीठाधीश्वर बाल योगी उमेश नाथ महाराज उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही है। इस सम्मान समारोह में देशभर की समाज की प्रतिभाओं को नवाजा जाएगा। इस समारोह की तैयारियां की जा रही हैं, समाज की प्रतिभाओं को आमंत्रित किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें राजस्थानी कला को बढावा देने के लिए कच्ची घोड़ी नृत्य व राजस्थानी गीत संगीत की धुन पर नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा, साथ ही मयूर नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र होगा। विकास नरवार ने बताया कि इस कार्यक्रम को प्रदेश का सबसे बड़ा कार्यक्रम बताया जा रहा है। वाल्मीकि समाज में इतना बड़ा सम्मान समारोह अब तक आयोजित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि में अंतर्राष्ट्रीय पहलवान रविन्द्र कुमार, आईजी प्रसन्न कुमार खमेसरा, जिला कलक्टर ओपी बुनकर, एडीएम सिटी राजकुमार, डीआरएम कोटा व एडीआरएम भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान भगवान वाल्मीकि व नवल स्वामी जी की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी दी

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद मां पन्नाधाय शाखा एवं बरथुनिया नर्सिंग होम के सयुंक्त तत्वाधान में 24 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय तलवंडी मे 100 से अधिक बालिकाओं को पीपीटी के माध्यम से किशोरावस्था से संबंधित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। शाखा सचिव कविता शर्मा ने बताया कि मुख्य वक्ता वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निधि बरथुनिया ने छात्राओं को पीसीओडी एनीमिया (खून में कमी) आदि बीमारियों के क्या लक्षण हैं, एवं संतुलित आहार तथा इनसे किस प्रकार बचा जा सकता है के बारे में जानकारी प्रदान की। छात्राओं की स्वास्थ्य से संबंधित जिज्ञासाओं को भी समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय महिला प्रमुख कुसुम एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रांतीय भारत को जानो प्रभारी सुनीता गोयल जौली द्वारा छात्राओं को बालिका दिवस मनाने की आवश्यकता के ऊपर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्य वृंदा दाधीच, प्रीति जैन, प्रीति भटनागर, संजना पारेता उपस्थित रही। छात्राओं के लिए बेटी बचाओ एवं स्वच्छता विषय पर स्लोगन और ड्राइंग कॉम्पिटिशन भी रखा गया तथा विजेताओं को डॉ निधि द्वारा पुरस्कृत किया गया। छात्राओं को फल भी वितरित किए गए।

रविन्द्र त्यागी झण्डारोहण करेंगे

कोटा, (निसं)। गणतंत्र दिवस पर गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी प्रातः 8.15 बजे गुमानपुरा कांग्रेस कार्यलय में झंडा रोहण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्भोदित करेंगे। कार्यक्रम में समस्त कांग्रेसजन भाग लेंगे। एआइसीसी के आव्हान पर पीसीसी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि प्रातः10.30 बजे यूडीएच मंत्री शान्ति धारीवाल की अगुवाई में कांग्रेसजन गुमानपुरा कांग्रेस कार्यलय से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत पर पद यात्रा प्रारंभ गुमानपुरा, सूरजपोल गेट, कैथूनीपोल, पाटनपोल से लालबुर्ज रोड़, श्रीपुरा, सुंदर धर्मशाला, पुरानी सब्जीमंडी, अग्रसैन बाजार, रामपुरा, खाईरोड होती हुई नयापुरा चौराहे तक यात्रा का समापन होगा। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण, महापौर, उपमहापौर, पार्टी पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्षगण, पार्षदगण, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण सहित समस्त कांग्रेसजन भाग लेंगे।

बेटियों को उपहार भेंट किए

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति कोटा शाखा द्वारा बालिका दिवस पर कन्या विवाह में जरूरत का सभी सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नीलम तापड़िया ने बताया कि महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत तीन जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में कन्याओं को घर बुलाया एवं सभी को टीका लगाकर मुंह मीठा कराया गया। अध्यक्ष संगीता काबरा ने बताया कि कन्याओं को जरूरत के सभी सामान भेंट किए गए। डबल बेड, ड्रेसिंग, अलमारी, बेडशीट, रजाई, चांदी की पायल, बिछिया, सोने का नोजपिन, साड़ियां, टावल, मेकअप का सामान, किट, पर्स, बैग रसोई में काम आने वाले जरूरत के सामान गिफ्ट आइटम इत्यादि सामान सदस्यों के सहयोग से उपहार स्वरूप दिए गए। सदस्यों द्वारा मंगल गीत गाए गये, कन्या को मंगल गीतों के साथ मेहंदी लगा कर सभी वस्तुओं के साथ लिफाफा देकर कन्या को विदा किया गया। इस सेवा कार्य में प्रकाश तापड़िया, नवनीत काबरा, मंजू काबरा, विनीता लाहोटी, हेमलता शृंगी, ममता सोनी, गीता काबरा, आभा चितौड़ा, सुनीता ऐरन, गीता टांकरा, पुष्पा शर्मा जमना खुआल, अनीता काबरा, सुनीता मूंदड़ा आदि सभी सदस्यों ने आनन्द का अनुभव किया।

जागरुकता रथ रवाना किए

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर मंगलवार को चिकित्सा विभाग की ओर से बेटी बचाओ जागरूकता रथों को रवाना किया गया। सुबह सीएमएचओ डॉ. जगदीश कुमार सोनी ने स्वास्थ्य भवन से चार रथों को हरी झण्डी दिखाई। इस मौके डीपी चौधरी, जिला पीसीएनडीटी समन्वयक प्रमोद कंवर, मीनाक्षी वर्मा आदि मौजूद थे। सीएमएचओ ने बातया कि इन रथों के माध्यम से शहरवासियों को बेटियां अनमोल हैं, बेटी बचाव, पीसीपीएनडीटी एक्ट आदि संदेश प्रसारित किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ सोनी ने जेके लोन चिकित्सालय में बालिकाओं का जन्मोत्सव मनायाा व बेबी किट वितरित किए तथा माताओं को शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान पीसीपीएनडीटी समन्वयक प्रमोद कंवर, नर्सिंग अधीक्षक, रेणुका मेवाड़ा, व मीनाक्षी वर्मा भी मौजूद रही।

पोस्टर मेकिंग कार्यशाला

कोटा, (निसं)। जवाहरलाल नेहरू शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सकतपुरा, कोटा में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला में आज दुसरे दिन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पर पोस्टर मेकिंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 'सांस्कृतिक गौरव और एकता' की थीम पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पर प्रशिक्षणार्थियों ने रंग-बिरंगे मनमोहक पोस्टर बनाए। पोस्टर मेकिंग में बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नई आबकारी नीति का शराब व्यवसाईयों ने विरोध किया

कोटा, (निसं)। आबकारी विभाग अनावश्यक रूप से शराब कारोबारियों पर भार डाल रहा हैं। ऐसे में नई शराब नीति किसी भी सूरत में स्वीकार योग्य नहीं हैं, इसमें संशोधन की मांग को लेकर शराब कारोबारियों ने एकजुट होकर सरकार व विभाग से मांग की है कि वह इसमें बदलाव करें और शराब व्यवसाईयों के हित का भी ध्यान रखा जाए। वाइन कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 व 2023-24 की जो आबकारी नीति जारी की है, उसमें संशोधन निकाले हैं उसके संदर्भ में शराब व्यवसायी उन संशोधनों से संतुष्ट नहीं है।

नए आदेश की पालना शराब व्यवसाईयों द्वारा किए जाना बेहद कष्टप्रद होगा। उन्होंने कहा कि दुकानों का नवीनीकरण जो 15 प्रतिशत बढ़ाकर किया जा रहा है वह बिल्कुल भी सही नहीं हैं क्योंकि वे 15 प्रतिशत की गारंटी बढ़ते ही शराब का माल इतना हो जाएगा कि हम उसे बेच नहीं पाएंगे हमारा निवेदन है कि इसे 5-10 प्रतिशत किया जाए। उन्होंने कहा कि संशोधन में अतिरिक्त आबकारी शुल्क को वाइन व बीयर व इकक ब्रांड मैं कम किया है, उससे हमें ड्यूटी का गारंटी में भराव कम मिलेगा और पेटियों की संख्या बढ़ जाएगी जिससे हम पर अतिरिक्त भार आ जाएगा।

उन्होंने कहा कि जो दुकानें पिछले वर्ष 25 अप्रैल के बाद में उठी है उनका नवीनीकरण जिस नियम से कर रहे हैं वह पूर्ण रूप से गलत है क्योंकि वह दुकानें पहले भी कमजोर थी इसकी वजह से ही पिछले वर्ष विभाग ने इन्हें कम कर इसकी नीलामी की थी। इन्हें और बढ़ाकर देने से कोई औचित्य नहीं है।

आरटीडीसी को इस बार फिर से दुकानें लगाने की अनुमति दे दी है जिससे व्यापार में प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी। उन पर किसी प्रकार का गारंटी की बाध्यता भी नहीं रखी गई है, इसलिए उसका प्रभाव सीधे-सीधे हमारी दुकानों पर पड़ेगा। पारेता ने कहा कि आबकारी ड्यूटी वह अन्य टैक्स विभाग द्वारा कभी भी मध्य वित्तीय वर्ष के मध्य बढ़ा दिया जाता है, वह भी न्यायोचित नहीं है, क्योंकि हम दुकानें इस आबकारी नीति को देखकर लेते हैं और विभाग इसमें वित्तीय वर्ष के मध्य में कई बार संशोधन करता रहता है जिसका सीधा असर हमारे व्यापार पर पड़ता है। वाइन कॉन्ट्रैक्ट एसोसियेशन कोटा के अध्यक्ष विनोद पारेता ने कहा कि देशी मदिरा व आरएमएल की पर पेटी 40-50 रुपये की बढ़ोतरी होने से हमारी खरीद तो बढ गई है, मगर हमारे मुनाफे में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की है जिससे हमें सीधा-सीधा नुकसान है।

शराब व्यवसाईयों ने मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार बियर बार में लाइसेंस फीस को त्रैमासिक किया है। दुकानों में जो वार्षिक लाइसेंस फीस ली जाती है, उसे भी त्रैमासिक किया जाना चाहिए। इन सभी मांगों को लेकर आबकारी विभाग को विचार विमर्श करना चाहिए ताकी अनावश्यक आ रही परेशानी से बचा जा सके। पारेता ने कहा कि नई नीति किसी भी रूप में व्यवहारिक नहीं हैं, इसमें शराब व्यवसाईयों के सुझाव भी शामिल किए जाने चाहिए।

'नियंत्रित जीवन शैली से दिल का ख्याल रखें'

कोटा, (निसं)। हृदय संबंधी रोग के मामले इन दिनों बढ़ते जा रहे हैं। हृदय रोगों को लेकर कोटा शहर के गेस्ट्रोकेयर हॉस्पिटल में हृदय संबंधी रोगों हेतु ओपीडी का आयोजन किया। इस कैम्प में नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कंसलटेंट-कार्डियोलॉजी डॉ. अंशु काबरा ने हृदय रोग से संबंधित रोगियों को उचित जांच व परामर्श दिया। इस ओपीडी का उद्देश्य हाड़ौती अंचल के रोगियों के लिए जांच एवं परामर्श के साथ-साथ छोटे शहरों में फैलने वाली इन बीमारियों पर लगाम लगाना है।

डॉ. अंशु काबरा ने बताया कि भारत में हार्ट प्रॉब्लम की वजह से लगभग प्रति 100,000 लोगों में से 272 लोगों को मौत हो जाती है। यह बीमारी लोगों में अपने दिल पर नियंत्रण ना कर पाने के कारण अनुचित खानपान से भी होती है। इस बीमारी की वजह से मरीज के हृदय और अन्य अंगों में ऑक्सीजन युक्त रक्त के प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो जाती है। इसकी एक बड़ी वजह हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी पहले से मौजूद बीमारियों के कारण ब्लॉकेज उत्पन्न कर देते हैं।

हृदय से संबंधित कई प्रकार की समस्याएं आती हैं जैसे सीने में दर्द, भारीपन, घुटन अथवा दबाव सांस फूलना, अत्याधिक पसीना आना एवं थकान, उच्च ब्लड प्रेशर एवं कोलेस्ट्रॉल, एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी, असामान्य धड़कन, पैरो में सूजन व वजन बढ़ना, लगातार खाँसी खासकर रात को, जन्मजात हृदय रोग लक्षण पहचानते ही इनका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। इन परिस्थितियों में समय रहते इलाज और बीमारी का पता लगाना और नियंत्रित जीवनशैली व्यक्ति के जीवन को बचा सकती है।

शिविर में 291 लोग लाभान्वित

कोटा, (निसं)। सिंधु होस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। हॉस्पिटल अध्यक्ष अशोक झमटानी व निदेशक किशोर मदनानी ने बताया कि झालावाड़ रोड़ स्थित सिंधु हॉस्पिटल में प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 291 रोगियों की जांचें और परामर्श दिया गया।

संरक्षक मुरलीधर अलरेजा व सचिव दामोदर वनवानी ने बताया कि शिविर में डॉ. विनय ग्वालानी (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ. एम.के. गुप्ता (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ संगीत जैन (स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ) डॉ. अब्दुल रब (जनरल सर्जन) डॉ.मुस्तफा बोहरा (फिजिशियन) ने अपनी सेवाएं दी। उपाध्यक्ष प्रकाशवीर नाथानी व सह सचिव बसंत वलेचा ने जानकारी दी कि शिविर में बीएमडी, (अस्थि घनत्व जांच) ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड यूरिया, ल फ टी, एच बी-1 सी व ब्लड प्रैशर, स्पाइरोमीटर की जांच निःशुल्क की गयी।

बसंत पंचमी उत्सव मनाया

कोटा में बसंत पंचमी के अवसर पर फैशन के जरिए रंगों का प्रदर्शन किया गया।

कोटा, (निसं)। कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलोजी द्वारा बसंत पंचमी का उत्सव अपने ही अंदाज में मनाया गया स संस्था के विध्यार्थियों द्वारा पीले रंग के कलेक्शन को तैयार किया गया जिसमे सारी एवं सुट्स को विद्यार्थियों द्वारा ही प्रस्तुत किया गया एवं साथ ही माँ सरस्वती कि पूजा अर्चना की गयी सस संस्था की डाइरेक्टर पुजा राजवंशी ने बताया कि संस्था द्वारा हमारी संस्कृति से जुड़े त्यौहारों को फैशन के माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत किया जाता है और युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित किया जाता है की वो हमारी संस्कृति एवं त्योहारों से जुड़े रहे।

कोटा में हॉफ मैराथन तिरंगा रन 29 को

- देश के कई मैराथन रनर्स शामिल होंगे, शहरवासियों में भी उत्साह
- पहली बार नए कोटा में 5 किमी, 10 किमी और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन होगीं

कोटा, (निसं)। कोटा हर क्षेत्र में आगे रहता है, यहां के युवा लगातार जिंदादिली का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आगे बढ़ने का संदेश देते हैं।

ऐसे ही एक बार फिर कोटा बेहतर स्वास्थ्य का संदेश देते हुए देश की सेहत के लिए दौड़ेगा। कोटा में तिरंगा रन 29 जनवरी को होगी, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

तिरंगा रन संयोजक डॉ सुबोध जैन व आयरन मैन मृगेश गुप्ता ने बताया कि शहरवासियों को स्वस्थ जीवन शैली का संदेश देते हुए 29 जनवरी को तिरंगा हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें यूथ सिटी कोटा के नागरिक 21, 10 एवं 5 किलोमीटर दौड़ते हुए गणतंत्र के उत्सव को स्वस्थ भारत के संदेश के साथ उल्लास पूर्वक मनाएंगे।

यह दौड़ नए कोटा में आयोजित की जा रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब नए कोटा की सडकों पर हजारों लोग सेहत के लिए दौड़ेंगे। 21 किलोमीटर की हॉफ मैराथन श्रीनाथपुरम स्टेडियम से शुरू होकर कोटा डेयरी, रावतभाटा रोड, बीपीसीएल पैट्रोल पंप, घटोत्कच सर्किल होते हुए श्रीनाथपुरम स्टेडियम पर संपूर्ण होगी।

इस दौड़ को पूरी करने वाले श्रेष्ठ 40 प्रतिभागियों को अलग-अलग वर्गों में 40 से अधिक विजेताओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही 5 व 10 किलोमीटर वर्ग में भी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

तिरंगा रन को लेकर कोटा ही नहीं वरन आस-पास और देश के कई रनर्स में भी उत्साह है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए महिला, पुरुष, युवा सभी में उत्साह दिख रहा है। कुछ बुजुर्ग भी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थता से जोड़ना तथा नियमित वॉक के लिए प्रेरित करना है।

तिरंगा रंग अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन से पंकज सेठी ने बताया कि प्रतिभागियों को प्रीमियम तिरंगा रन टी-शर्ट, नाइट विजन गोगल्स, प्रोटीन बार, कुकीज, विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों के गिफ्ट वाउचर डिस्काउंट कूपंस, रजिस्ट्रेशन के साथ उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं।

करीब 3 वर्ष के बाद यह पहला टाइम हॉफ मैराथन इवेंट होने जा रहा है जिसे लेकर शहरवासियों में उत्साह है। हाफ मैराथन को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोटा ब्रांच, रोटरी क्लब, जेसीआई, एसएसआई, जैन सोशल ग्रुप सहित कई सामाजिक, शैक्षणिक संगठनों द्वारा समर्थन किया जा रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शामिल होंगे। स्वस्थता को समर्पित किए जाने वाले इस आयोजन से जोड़ने के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से रजिस्ट्रेशन शुल्क में विशेष छूट दी जा रही है।

विद्यार्थियों का मात्र 299 रुपए में किया जा रहा है, जिसे लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। कोचिंग संस्थान एवं विद्यालय, तिरंगा रन हाफ मैराथन के विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास के तहत इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। तिरंगा रन के पोस्टर का विमोचन शहर के कई अधिकारी व नामी रनर्स कर चुके हैं।

इसमें एएसपी उमा शर्मा, डॉ.आर.पी.मीणा, डॉ.सुबोध जैन, डॉ.हर्ष राजदीप, डॉ.सुरेश पांडे, डॉ.नीता जिंदल, डॉ.विक्रांत माथुर, वाइब्रेंट के निदेशक महेन्द्र चौहान, नरेन्द्र अवस्थी, स्वामी विवेकानन्द यूथ फ्रंट के विकास शर्मा, निसरीन, यादवेन्द्र शेखावत, गौरव खंडेलवाल, सुप्रिया मंडलोई, मुकेश सोनी मौजूद रहे।

बालिका सम्मान समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दादाबाड़ी में वार्षिक उत्सव एवं बालिका दिवस पर बालिका सम्मान आयोजित किया गया जहां एवं बालिकाओं ने राजस्थानी नृत्य गायन, योग प्राणायाम व आत्म रक्षा के लिए जूडो-कराटे आदि ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया।

समारोह में मुख्य अतिथि वार्ड 61 के स्थानिय पार्षद रामबाबू सोनी रहे, अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. वन्दना जैन ने की, वही विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विनोद मीणा रहा रहे। पार्षद रामबाबू सोनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों कहा मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना है एवं उसमें देश सेवा की भावना जगाना है। उन्होने कहा कि लड़कियां-लड़कों से कहीं कम नहीं वह ये भाव उसमें हमेशा बना रहा की पढ़ाई के साथ आत्म निर्भर बनने की जीवन में शिक्षा शामिल करें।

स्कूल शिक्षा परिवार ने सीएम के नाम ज्ञापन दिया

कोटा, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर शिक्षा निदेशक बीकानेर के दिनांक 14 जनवरी 2023 के आदेश के तहत पांचवीं बोर्ड परीक्षा शुल्क गैर कानूनी, अव्यवहारिक व भेदभाव पूर्ण तरीके से वसूलने पर रोक लगाने की मांग की है।

स्कूल शिक्षा परिवार के प्रवक्ता अनिल सक्सेना ने बताया कि शिक्षा निदेशक बीकानेर द्वारा एक आदेश जारी कर गैर राजकीय विद्यालयों से पांचवीं बोर्ड परीक्षा शुल्क के नाम से फीस वसूली जा रही है जो तार्किक, व्यवहारिक व कानूनी तौर पर भी गलत है। अध्यक्ष कपिल विजय ने कहां की आरटीई प्रावधानों में कक्षा 1 से 8 तक किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जाना नियम विरुद्ध है। इसका प्रमाणिक उदाहरण है कि आठवीं बोर्ड परीक्षा में किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है वही पांचवीं बोर्ड परीक्षा का शुल्क राजकीय विद्यालयों से नहीं लेना व गैर राजकीय विद्यालयों से लेना नियम विरुद्ध व भेदभाव की श्रेणी में आता है। पिछले सत्र की कक्षा 5 की अंक तालिका के लिए 40 रु प्रति छात्र के हिसाब से वसूला जा रहा है जो भी गैर कानूनी है।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पीएसपी पोर्टल में शाला दर्पण की तरह सुविधाएं हमें भी दी जाऐं। सभी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिक्षा निदेशक बीकानेर के उक्त आदेश को तुरंत प्रभाव से निरस्त करवाया जाए वरना हमें सड़कों पर आकर आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा व गैर राजकीय विद्यालयों के लिए निकाले गए आदेश के विरुद्ध न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में स्कूल शिक्षा परिवार के जिलाध्यक्ष कपिल विजयवर्गीय, प्रवक्ता अनिल सक्सेना, कैलाश शर्मा, मतीन, अशफाक, हेमराज, विजेंद्र कश्यप, शैलेंद्र श्रीवास्तव, किशन शर्मा, धर्मेंद्र दीक्षित मौजूद रहे।

कोटा में गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित

कोटा, (निसं)। गणतंत्र दिवस के मुख्य जिला स्तरीय समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल मंगलवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया।

अतिरिक्त कलक्टर (शहर) बृजमोहन बैरवा ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली एवं फुल ड्रेस रिहर्सल का अवलोकन किया। इस अवसर पर एएसपी मुख्यालय रामकल्याण मीणा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी एवं आरएसी की टुकड़ियों ने परेड एवं मार्चपास्ट में भाग लिया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक व्यायाम, देश भक्तिपूर्ण सामूहिक गायन का प्रदर्शन किया गया। समारोह का राष्ट्रगान के साथ विधिवत समापन हुआ।



कोटा के महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल हुई है।

AAVAS FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
AAVAS FINANCIERS LIMITED
(CIN: L65922RJ2011PLC034297)
Regd. & Corp. Office: 201-202, 2nd Floor, Southend Square, Mansarovar Industrial Area, Jaipur-302 020, Rajasthan, India | Tel: +91 141 661 8800
Fax: +91 141 661 8861 | Email: info@aavas.in | website: www.aavas.in
PUBLIC NOTICE
Intimation for Shifting of BUNDI Branch of the company to new location
This is hereby informed that BUNDI Branch of Company is going to shift from **2nd Floor, OM Complex, New Dhanmandi Road, Bundi-323001, Rajasthan To 1ST Floor , Shop No. 5, Ambedkar Circle, Lanka Gate, Bundi -323001 Rajasthan** after Three Months from date of this Notice.
For AAVAS FINANCIERS LIMITED
Sd/-
Sharad Pathak
Company Secretary and Compliance Officer
Date: 24th January 2023
Place: Jaipur